SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

FIRST TERMINAL EVALUATION 2018-2019

Third Language

HINDI

IX

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फिर, एक दिन एकाएक वह गाड़ीवाला दिखाई दिया। पक्षी को बड़ी खुशी हुई। उसने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले! ओ गाड़ीवाले! मैं कबसे तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।"

पहचानी आवाज़ सुनकर गाड़ीवाला रुक गया। तब पक्षी ने कहा, "देखो, मैंने कितनी सारी दीमकें जमा कर ली हैं।"

गाड़ीवाले को पक्षी की बात समझ में नहीं आई। उसने सिर्फ इतना कहा, "तो मैं क्या करूँ?"

1. 'उसने' में निहित सर्वनाम चुनकर लिखें। 1

   (क) वे (ख) यह

   (ग) वह (घ) ये

2. पक्षी दीमक के बदले क्या लेना चाहता है? 1

3. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

संकेतों के आधार पर पक्षी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। (चरित्र-चित्रण 80 शब्दों का हो)

- बड़ों की बात न माननेवाला
- आलसी
- प्रलोभन में फँसनेवाला
- अपनी स्थिति पर निराश होनेवाला

सूचना : 'पुल बनी थी माँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> जब तक जीवित रही माँ
> हम बदलते रहे अपने कंधे
> माँ आखिर माँ ही तो है
> बार-बार हमें कंधे बदलते देख
> हमारे कंधों से उतर गई माँ
> और माँ के कंधों से उतरते ही
> उतर गए हमारे कंधे

4. 'उतर गए हमारे कंधे' -का मतलब है : 1

(क) हमारे कंधों पर दर्द हुआ। (ख) हम दुर्बल हो गए।
(ग) हम घर से उतरकर चले। (घ) हमारे कंधे सशक्त हो गए।

5. निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

हम अपना उत्तरदायित्व बदलते रहे।

6. **कवि और कविता का परिचय देते हुए उपर्युक्त कवितांश का आशय लिखें।** 4

सूचना : 'टीवी' पटकथा का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सड़क पार करने की कोशिश। सामने से तेज़ी से एक बस आती है। चुन्नी दौड़कर पार कर लेती है, गोपू और लल्लू खड़े रह जाते हैं। बस में ज़ोर से ब्रेक लगता है। ड्राईवर गुस्से से सिर बाहर निकालता है।
> ड्राईवर : अबे देखके चलो...

7. चुन्नी, लल्लू और गोपू मनोहर चाचा के घर क्यों जा रहे हैं? 1

8. सही विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

गोपू दौड़कर सड़क ....

(क) पार कर लेता है। (ख) पार कर लेते हैं।
(ग) पार कर लेती है। (घ) पार कर लेती हैं।

9. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर चुन्नी की डायरी लिखें। (डायरी 80 शब्दों की हो) 4

सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ' डायरी का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> ब्राउन का चेहरा सुर्ख था। आँखें भी लाल-लाल थीं। उसकी ऊँचाई छह फुट से भी ज्यादा थी। उसने मुझसे पूछा, "आप क्या करते हैं?"
> मैंने कहा, "उर्दू में कविता लिखता हूँ।"
> "तो तुम पोयट हो?" उसने कहा।
> मैंने सिर हिलाकर हामी भरी, "हाँ"।
> मेरे जवाब से ब्राउन को खुशी हुई। उसने अपने सिपाहियों को हुक्म दिया, "इनको इज़्ज़त के साथ घर वापस छोड़ आओ।"

10. ब्राउन ने किसको घर छोड़ आने का आदेश दिया? 1

11. ब्राउन के चेहरे की विशेषता क्या थी? 1

12. ब्राउन ने गिरफ्तार लोगों को कविता लिखने के कारण इज़्ज़त के साथ छोड़ दिया। ब्राउन के इस व्यवहार पर अपना विचार लिखें। 2

13. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2



सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

> कुछ दिनों तक ऐसा ही चलता रहा। एक दिन उसके पिता ने देख लिया। उसने समझाने की कोशिश की, दीमकें हमारा स्वाभाविक आहार नहीं है, और उनके लिए अपने पंख तो हरगिज नहीं दिए जा सकते। लेकिन, उस नौजवान पक्षी ने बड़े ही गर्व से अपना मुँह दूसरी ओर कर लिया।

14. 'मुँह दूसरी ओर करना' प्रयोग का मतलब क्या है? 1

(क) स्वीकार करना। (ख) पालन करना।
(ग) तिरस्कार करना। (घ) प्रशंसा करना।

15. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पिता पक्षी और नौजवान पक्षी के बीच की बातचीत लिखें। (बातचीत में पाँच विनिमय हों) 4

सूचना : कविता पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

घर-घर में सुनाई जाती गाथा
योद्धाओं और वीरों की
इसलिए मेरी मातृभूमि पर
मुझे हर क्षण ही है अभिमान
यूँ तो देश कई धरती पर
पर मेरा देश है सबसे महान।

16. कविता को उचित शीर्षक दें। 2

17. कविता का आशय लिखें। 4

सूचना : कहानी पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।

एक आदमी का घर जल रहा था। वह अपने परिवार सहित आग बुझाने का प्रयत्न कर रहा था। लेकिन आग प्रचंड थी। बुझने का नाम न लेती थी। आदमी ने अपनी पत्नी से कहा, "इस तरह की आग तो हमने कभी नहीं देखी थी।" पत्नी बोली, "हाँ, क्योंकि इस तरह की आग तो हमारे पेट में लगा करती है। हम उसे देख नहीं पाते हैं।"

18. 'अग्नि' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कहानी से चुनकर लिखें। 1

19. कहानी के आधार पर सही मिलान करें। 4

घर में आग लगने से	आदमी और पत्नी
प्रचंड आग बुझाने में	आदमी परेशान था
आग बुझाने की कोशिश में थे	हम देख नहीं पाते
पेट की आग को	आदमी असफल था